अनुक्रमांक ....................................... समय : 2.00 घण्टा

नाम ............................................... पूर्णांक : 50

# प्रश्न-पुस्तिका
# प्रथम सेमेस्टर – 2018
## (सामाजिक अध्ययन)

**निर्देश :**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक प्रश्न के सम्मुख दिये गये हैं।
2. इस प्रश्न-पत्र में तीन प्रकार के प्रश्न हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखें। अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग तीस (30) शब्दों में, लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग पचास (50) शब्दों में लिखिए।

---

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**1.** "इतिहास घटनाओं या विचारों की उन्नति का सुसम्बद्ध विवरण है।" यह कथन है- **(1)**

(A) प्रो. घाटे (B) प्रो. कार्र
(C) पण्डित जवाहरलाल नेहरू (D) रैपसन

**2.** पुरा पाषाणकाल की महत्वपूर्ण उपलब्धि थी- **(1)**

(A) पहिये का (B) आग की खोज
(C) कृषि का आरम्भ (D) स्थायी जीवन की शुरुआत

**3.** पहिये का आविष्कार हुआ- **(1)**

(A) नव पाषाणकाल में (B) पुरा पाषाणकाल में
(C) मध्य पाषाणकाल में (D) ताम्र पाषाणकाल में

**4.** 'महापाषाण' से तात्पर्य है- **(1)**

(A) धार्मिक अनुष्ठान से (B) उपकरणों से
(C) पर्वत श्रृंखला से (D) समाधियों से।

**5.** 'साम' का अर्थ है- **(1)**

(A) यज्ञ (B) मन्त्र
(C) स्तुति (D) गान।

**6.** वेदांग कितने हैं? **(1)**

(A) सात (B) छह
(C) पाँच (D) तीन।

**7.** वैदिक ग्राम का मुखिया कहलाता था- **(1)**

(A) कुलप (B) ग्रामिक
(C) ग्रामणी (D) विशपति।

**8.** सिन्धु घाटी के निवासियों का मुख्य भोजन क्या था? **(1)**

(A) गेहूँ (B) चावल
(C) जौ (D) उपर्युक्त सभी।

**9.** ऋग्वेद में 'अयस्' शब्द का प्रयोग हुआ है- **(1)**

(A) सोने के अर्थ में (B) चाँदी के अर्थ में
(C) ताँबे के अर्थ में (D) लोहे के अर्थ में।

**10.** 'अभिधम्म पिटक' किस बौद्ध संगीत में संकलित किया गया? **(1)**

(A) प्रथम बौद्ध संगीति में (B) द्वितीय बौद्ध संगीति में
(C) तृतीय बौद्ध संगीति में (D) चतुर्थ बौद्ध संगीत में।

**11.** सौरमण्डल का मुखिया है- **(1)**

(A) पृथ्वी (B) चन्द्रमा

(C) शनि (D) सूर्य।

**12.** विश्व का सबसे गहरा महासागर है- **(1)**

(A) हिन्द महासागर (B) प्रशान्त महासागर

(C) अटलाण्टिक महासागर (D) आर्कटिक महासागर

**13.** NASA की स्थापना हुई- **(1)**

(A) 1958 में (B) 1959 में

(C) 1957 में (D) 1969 में

**14.** नगर पंचायत का कार्यकाल होता है- **(1)**

(A) तीन वर्ष (B) चार वर्ष

(C) पाँच वर्ष (D) छह वर्ष

**15.** नगर निगम का सर्वोच्च निर्वाचित पदाधिकारी कहलाता है- **(1)**

(A) सदस्य (B) अध्यक्ष

(C) उपाध्यक्ष (D) मेयर।

## अति लघु उत्तरीय प्रश्न

**16.** कृषि का आरम्भ किस काल में हुआ? **(1)**

**17.** 'मेसोपोटामिया' किस भाषा का शब्द है? **(1)**

**18.** हर्यक वंश की स्थापना किसने की थी? **(1)**

**19.** नन्द वंश का अन्तिम राजा कौन था? **(1)**

**20.** ग्राण्ड ट्रंक रोड किसने बनवाई थी? **(1)**

**21.** सम्पूर्ण वैदिक साहित्य की रचना किस समय काल के बीच में हुई? **(1)**

**22.** सिकन्दर ने भारत पर आक्रमण कब किया था? **(1)**

**23.** जैन धर्म के पाँच 'अणुव्रत' क्या हैं? **(1)**

**24.** बौद्ध धर्म का मूल आधार क्या है लिखिए। **(1)**

**25.** मापक के अनुसार मानचित्र कितने प्रकार के होते हैं? उनके नाम भी लिखिए। **(1)**

**26.** दो अक्षांशों के बीच की दूरी कितनी होती है? **(1)**

**27.** 'ग्लोब' किसका प्रतिरूप होता है? **(1)**

**28.** नगर निगम की आय के स्रोत लिखिए। **(1)**

**29.** जिले में परिवार कल्याण के कार्य कौन करवाता है **(1)**

**30.** फरवरी कितने वर्ष बाद 29 दिन की होती है? **(1)**

## लघु उत्तरीय प्रश्न

**31.** इतिहास का अर्थ स्पष्ट कीजिए। **(2)**

**32.** आदिमानव से आधुनिक मानव तक की विकास प्रक्रिया में क्या-क्या शारीरिक परिवर्तन हुए? लिखिए। **(2)**

**33.** चीन के दो प्रमुख दार्शनिकों एवं धर्म सुधारकों के बारे में संक्षेप में लिखिए। **(2)**

**34.** ग्रह और उपग्रह से आप क्या समझते हैं? स्पष्ट कीजिए। **(2)**

**35.** मानव का सम्पूर्ण जीवन किन चार आश्रमों में विभक्त था? प्रत्येक आश्रम की अवधि कितनी निश्चित थी? संक्षेप में लिखिए। **(2)**

**36.** मौर्य साम्राज्य के पतन के क्या कारण थे? उल्लेख कीजिए। **(2)**

**37.** पृथ्वी की आन्तरिक क्रियाएँ कौन-कौन सी हैं? लिखिए। **(2)**

**38.** सड़क दुर्घटना होने के मुख्य क्या-क्या कारण होते हैं? लिखिए। **(2)**

**39.** ग्रामीण एवं नगरीय जीवन शैली की अवधारणा लिखिए। **(2)**

**40.** भारत की जलवायु के बारे में लिखिए। यहाँ मुख्य रूप से कितनी ऋतुएँ होती हैं? **(2)**

---

**UPDELEDSTUDY.IN**

1. इस प्रश्न-पत्र का विस्तृत हल यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/pyqs/semester-1/samajik-adhyayan/2018

2. सामाजिक अध्ययन का MCQ टेस्ट यहाँ दें:
https://updeledstudy.in/mcq-tests/semester-1/samajik-adhyayan/

3. सामाजिक अध्ययन के नोट्स यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/study-materials/semester-1/samajik-adhyayan/

**हमसे जुड़ें**
Telegram: https://t.me/updeledstudyin
YouTube: https://youtube.com/@updeledstudyin

© UPDELEDSTUDY.IN